सोमवार
13 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 69 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## सब जूनियर हॉकी नेशनल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश बना चैंपियन, मध्य प्रदेश को 5-2 से हराया




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के डिवीजन 'ए' का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉकी मध्य प्रदेश को 5-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। पूरे मैच के दौरान उत्तर प्रदेश की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा और अंत तक बढ़त कायम रखते हुए जीत हासिल की।

फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बिहार खेल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. निशिकांत तिवारी, जिला खेल पदाधिकारी आलोक चंद्र चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह तथा राज्य खेल अकादमी के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर भविष्य की कामना की।

मुकाबले की शुरुआत से ही उत्तर प्रदेश की टीम ने तेज और आक्रामक खेल दिखाया। मैच के चौथे मिनट में टीम के कप्तान केतन कुशवाहा ने शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि मध्य प्रदेश की टीम ने भी जल्द ही जवाबी हमला करते हुए आठवें मिनट में गाजी खान के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके बाद उत्तर प्रदेश ने खेल की कमान अपने हाथों में ले ली। 13वें मिनट में नीतीश यादव ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए टीम को फिर से बढ़त दिलाई। पहले हाफ के बाद दूसरे हाफ में भी उत्तर प्रदेश का दबदबा कायम रहा। 28वें मिनट में अली शाहरुख ने शानदार फील्ड गोल दागकर बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने लगातार आक्रमण जारी रखा। 35वें मिनट में राजभर प्रहलाद ने गोल कर टीम का स्कोर बढ़ाया, जबकि 40वें मिनट में चौहान राघवेंद्र सिंह ने एक और गोल कर मुकाबले को लगभग एकतरफा बना दिया। इस तरह उत्तर प्रदेश ने 5-1 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली।

मध्य प्रदेश की टीम ने वापसी की कोशिश करते हुए 43वें मिनट में आयुष सिंह लोधी के माध्यम से एक गोल दागा, जिससे स्कोर 5-2 हो गया। हालांकि इसके बाद वे अंतर कम करने में सफल नहीं हो सके और अंततः उत्तर प्रदेश ने यह मुकाबला 5-2 से जीतकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया।

पूरे टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मणिपुर हॉकी के खिलाफ 17-1 की बड़ी जीत से की थी। इसके बाद पूल मैच में हॉकी अरुणाचल को 4-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल में हॉकी ओडिशा को 6-3 से पराजित किया, जबकि सेमीफाइनल में हॉकी पंजाब को 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भी टीम ने उसी लय को बरकरार रखते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। अली शाहरुख पूरे टूर्नामेंट में सबसे सफल स्कोरर साबित हुए और टीम की जीत में उनकी अहम भूमिका रही।

वहीं तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में हॉकी पंजाब ने दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव हॉकी को 1-0 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। मैच का एकमात्र गोल आठवें मिनट में राजवीर सिंह ने किया, जो अंत तक निर्णायक साबित हुआ। पंजाब की टीम ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाते हुए अपनी बढ़त बरकरार रखी।लगभग 12 दिनों तक चले इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का समापन उत्साह के साथ हुआ। हालांकि इतने बड़े आयोजन के बावजूद दर्शकों की संख्या बेहद कम देखने को मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रचार-प्रसार की कमी के कारण मैदान और पवेलियन में अधिकतर खिलाड़ी ही मौजूद रहे, जो कभी खेलते और कभी दर्शक दीर्घा में बैठकर मुकाबले का आनंद लेते नजर आए।

पता- डेज हाइट्स, डी.आर.सी.सी मेन गेट, NOBEL हॉस्पीटल, राणाविगहा, आदर्श बाईपास थाना के पीछे, सिपाह मोड़, बिहार शरीफ (नालन्दा)
9279193287
A Step Towards Better Tomorrow
DPRC
डेज फिजियोथेरेपी एण्ड रिहैबिलिटेशन सेन्टर

## भेड़िया गांव में सांसद कौशलेंद्र कुमार ने तीन लाख की पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन




हरिओम कुमार

हरनौत (नालंदा)। प्रखंड के सोराडीह पंचायत अंतर्गत भेड़िया गांव में शनिवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने सांसद निधि से निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क तीन लाख रुपये की लागत से बनाई गई है, जो रामावतार रविदास के घर के निकट से जयराम पासवान के कुआं तक जाती है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से भी राहत मिलेगी।

उद्घाटन के मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर नल-जल योजना, घर-घर शौचालय, गांव-गांव पक्की सड़क और राज्य में पूर्ण शराबबंदी जैसी योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं। सांसद ने कहा कि बिहार में अब कानून का राज स्थापित हो चुका है और राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आने वाले समय में बिहार विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील भी की।

इस अवसर पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू नेता जयराम पासवान, भूतपूर्व मुखिया सच्चिदानंद सिंह, उपमुखिया पति अरुण कुमार सिंह, जदयू नेता देवेंद्र प्रसाद सिंह सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, 4200 पे ग्रेड समेत पांच मांगों को लेकर आंदोलन तेज

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।जिले में पहले से चल रही राजस्व कर्मियों की हड़ताल के बीच अब पंचायत सचिव भी आंदोलन में शामिल हो गए हैं। पंचायत सचिवों ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 8 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसके कारण प्रखंड और अंचल कार्यालयों के साथ-साथ पंचायत स्तर के कई जरूरी कार्य प्रभावित होने लगे हैं।


बिहार पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार ने बताया कि लंबे समय से सरकार और विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपनी मांगों को लेकर अनुरोध पत्र सौंपा गया है, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण पंचायत सचिवों को मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है।

वहीं राजस्व कर्मियों के प्रतिनिधि प्रभाकर ने बताया कि राजस्व कर्मियों की हड़ताल 10 फरवरी 2026 से लगातार जारी है। जब तक उनकी मांगों पर अमल नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कर्मचारियों की इस संयुक्त हड़ताल के कारण प्रशासनिक कार्यों पर व्यापक असर पड़ रहा है। अंचल कार्यालयों में जमीन की म्यूटेशन, आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र से जुड़े कार्य पहले से प्रभावित थे। अब पंचायत सचिवों की हड़ताल से पंचायत स्तर पर चल रही विकास योजनाएं भी ठप हो गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना और ग्राम सभा से संबंधित कार्यों पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है।

पंचायत सचिवों की प्रमुख मांगों में गृह जिला में तबादला करने की व्यवस्था, 4200 रुपये पे ग्रेड लागू करना, वर्ष 2005 से कार्यरत पंचायत सचिवों का स्थानांतरण पत्र जारी करना, 2000 रुपये यात्रा भत्ता प्रदान करना तथा जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम विकास अभिकर्ता से जुड़े अतिरिक्त कार्यों से मुक्त करना शामिल है।

कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# बेसबक पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का शुभारंभ, स्वच्छता रथ को दिखाई गई हरी झंडी



मोहम्मद जियाउद्दीन


इस्लामपुर (अपना नालंदा)।प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बेसबक अंतर्गत बड़ाय गांव में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष श्रीमती चंचला देवी ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और साफ-सफाई को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।अभियान में पंचायत के सभी 13 वार्डों के स्वच्छता कर्मी शामिल हुए। इसके साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर और पंचायत के सभी वार्ड सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान वार्ड सदस्य निधि कुमारी, संतोष कुमार, सविंदर सिंह, सीमा देवी, धनंजय कुमार, सरुण कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी सहभागिता दिखाई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया चंचला देवी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब तक गांव और घर स्वच्छ नहीं होंगे, तब तक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और कचरा इधर-उधर न फेंकने की अपील की। साथ ही उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि इनके प्रयास से पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक राहुल कुमार ने भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और बताया कि अभियान के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है और लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।कार्यक्रम में स्वच्छता रथ के चालक निरंजन कुमार सहित कई स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे। इनमें कृष्ण देव ठाकुर, इंद्रदेव जमादार, देवराज कुमार, रंजीत साहू, विनोद रविदास, विरमानी मोची, धर्मवीर कुमार, सुभाष कुमार, रामविलास चौधरी, छोटेलाल रविदास, सुरेल रविदास और नगीना दास शामिल रहे।अभियान के तहत पंचायत के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे तथा लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान



Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

# Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




## Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



## TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



## Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



## Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 | www.kalopehomes.com | Patna, Bihar

# रेड क्रॉस सोसाइटी के साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर में 190 मरीजों का उपचार



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रविवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श और उपचार की जानकारी दी।

इस शिविर में कुल 190 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्याम बिहारी ने 45 मरीजों की जांच की, जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव कुमार सिंह ने 50 लोगों का नेत्र परीक्षण किया। फिजिशियन डॉ अखिलेश कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार एवं डॉ उमेश कुमार सिन्हा ने मिलकर 70 मरीजों का उपचार किया। वहीं हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अमरदीप नारायण ने 25 मरीजों की जांच की। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ स्मृति सिन्हा ने 15 मरीजों को परामर्श दिया, जबकि फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 मरीजों की जांच की। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ गौतम कुमार और डॉ रितेश कुमार ने भी मरीजों का उपचार किया। शिविर के दौरान 40 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।शिविर में डॉ प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी अपनी सेवाएं दीं। मरीजों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी सहायक साबित हो रहे हैं।

कार्यक्रम के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्यों में बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, मुस्कान कुमारी, कुणाल गौरव, शंभू कश्यप, डॉ एस.एम. मुजफ्फर जमाल, राजीव कुमार, स्वधर्म कुमार, रवि नंदन कुमार, अरुण कुमार और संजय कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर शिविर को सफल बनाया।

# शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, 11 बीघा 12 कट्टा फसल जलकर राख



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के तुलसीगढ़ पंचायत अंतर्गत मुबारकपुर गांव के खंधा में रविवार को 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 11 बीघा 12 कट्टा में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। इस अगलगी की घटना में कई किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आगजनी में माधुरी देवी की लगभग 5 बीघा, नागेंद्र कुमार की 5 बीघा, बिरजू बिंद की 12 कट्टा तथा विकास कुमार उर्फ अमरूद कुमार की करीब 1 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों के अनुसार 11 हजार वोल्ट के बिजली तार में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे चिंगारी खेतों में गिरी और सूखी फसल में आग लग गई।

आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल एकजुट होकर बाल्टी, पंपसेट और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जलकर राख हो चुकी थी। हालांकि ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के अन्य खेतों को बचा लिया गया।


ग्रामीणों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि जर्जर बिजली तार और समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही बिजली विभाग से जर्जर तारों को जल्द बदलने और नियमित निगरानी करने की भी मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।












# चंडी में प्रतिभा सम्मान समारोह, मैट्रिक-इंटर के मेधावी छात्र हुए सम्मानित





चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नगर पंचायत चंडी के भगवानपुर रोड स्थित एक परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मैट्रिक परीक्षा में कोमल भारती ने 470 अंक, प्रभात राज ने 465 अंक तथा मनीष कुमार ने 442 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में नीलू कुमार, रवि कुमार, कंचन कुमारी सहित अन्य सफल छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष सह जिला पार्षद पिंकी कुमारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा के अंकों से स्वयं को कमतर नहीं आंकना चाहिए, बल्कि अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

प्रोफेसर राजेश्वर प्रसाद ने कहा कि सफलता मिलने के बाद भी विनम्रता बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि यही गुण व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद करता है। समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्राचीन गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए अनुशासन और संस्कार के महत्व पर जोर दिया तथा छात्रों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचते हुए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

शिक्षक धनंजय कुमार ने कहा कि जीवन में हर किसी को समान अवसर नहीं मिलता, इसलिए जो अवसर मिले उसका पूरा लाभ उठाकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक ब्रजेश कुमार उर्फ गांधी सर, शशिभूषण कुष्माकर, इंदुभूषण कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।












# हिरदन बिगहा में आग से 12 बीघा गेहूं की फसल जली, किसानों से मिले सांसद



हरिओम कुमार

हरनौत (नालंदा)। प्रखंड के हिरदन बिगहा क्षेत्र स्थित इजरा खंदा में शनिवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में करीब 12 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी फसल जल चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलने पर सांसद कौशलेंद्र कुमार भी अगलगी स्थल पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रशासन से पहल की जाएगी।

जदयू नेता रोहित कुमार ने बताया कि दोपहर के समय अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई। इस अगलगी की घटना में नागेंद्र प्रसाद के लगभग दो एकड़, शेखर कुमार के तीन एकड़ तथा अरविंद महतो के करीब एक एकड़ छह कट्ठा क्षेत्र में फैली गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। आग लगते ही किसान डंडा और लाठी लेकर खेतों की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तेज हवा और धुएं के कारण आग पर काबू पाने में काफी कठिनाई हुई। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आखिरकार आग पर नियंत्रण पाया गया।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने जिला पदाधिकारी और अंचल प्रशासन को घटना से अवगत कराते हुए नुकसान का पारदर्शी सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए तथा बटाईदार किसानों को भी बिना किसी देरी के सहायता उपलब्ध कराई जाए। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# क्या फिर पार लगेगी ममता की मां-माटी-मानुष की नैया?

पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में इस बार मुकाबला बहुकोणीय लग रहा है। मुख्य मुकाबला प्रदेश में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के बीच है। कई मामलों में बेहद अहम इस राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है। राज्य में भाजपा के मुकाबले अन्य पार्टियों की एकता नहीं बन पायी। अनेक वामपंथी संगठनों को इस बात का मलाल है कि भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर नहीं लड़ा जा रहा है। वामपंथ के किले को ढहाकर सत्ता में आईं ममता बनर्जी लगातार तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। चौथी बार सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में जुटी टीएमसी कई मुद्दों पर भाजपा को घेर रही है।

पड़ोसी राज्य असम की तरह ही पश्चिम बंगाल में भी कुछ समीकरण समान लग रहे हैं। असम में पूर्व में कांग्रेसी रहे हैं, फिर से कुर्सी संभालने की जुगत में हैं तो यहां कभी ममता के करीबी रहे सियासी धुरंधर उनकी राजनीतिक पिच को खोदने में लगे हैं। बात चाहे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की हो या फिर अलग पार्टी बनाकर मैदान में उतरे हुमायूं कबीर की। इन सबके बीच कांग्रेस अपने तरीके से जोर लगा रही है और वामपंथियों को उम्मीद है कि उनका वोटशेयर इस बार बढ़ेगा। अलग-अलग सियासी दलों के मैदान में उतरे होने से मुद्दे भी उतने ही ज्यादा हैं। यानी मुद्दों की खिचड़ी को पकाने की कोशिश की जा रही है, जबकि 'माछ-भात' को राजनीति की 'डाइनिंग टेबल' पर परोसे जाने की भी कोशिश है।

चुनाव की घोषणा होते ही निर्वाचन आयोग ने राज्य के कई शीर्ष अफसरों का तबादला कर दिया। टीएमसी ने आरोप लगाया कि यह सब भाजपा के इशारे पर हो रहा है। राज्य सरकार इन तबादलों के खिलाफ हाईकोर्ट भी गयी, हालांकि कलकत्ता हाईकोर्ट ने निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के किए गए तबादले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। इधर, केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा इस बार पिछली बार के मुकाबले ज्यादा जोर लगाती दिख रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार 15 दिन राज्य में रहे। शाह भाजपा के मुख्य चेहरा शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के दौरान भी मौजूद रहे। अधिकारी, ममता को उन्हीं के गढ़ में चुनौती दे रहे हैं और दो जगहों से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि भाजपा ने अभी किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा है कि पार्टी ने इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया है और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके विकास के एजेंडे के नाम पर वोट मांगेगी।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह के 14वीं संस्करण का आयोजन 21 जून को

पटना (अपना नालंदा)।सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार सराहनीय कार्य कर रही मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना एक बार फिर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत करने जा रही है। समिति द्वारा इस वर्ष 14वीं बार 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आगामी 21 जून (रविवार) को आयोजित किया जाएगा।

समिति के संयोजक कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' ने बताया कि यह आयोजन खासतौर पर उन जरूरतमंद जोड़ों के लिए है, जिनकी शादी तय हो चुकी है लेकिन आर्थिक तंगी या उचित स्थान की कमी के कारण विवाह नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी जोड़ों का विवाह समिति द्वारा पूरी विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा।

सह-संयोजक जितेन्द्र कुमार 'जीतू' ने जानकारी दी कि विवाह कार्यक्रम में 51 मंडप और 51 पंडितों द्वारा सभी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ शादी कराई जाएगी। इसके अलावा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक उपहार सामग्री भी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि विवाह समारोह को भव्य बनाने के लिए राणा प्रताप भवन मछुआटोली से बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी, इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

समिति के आलोक आजाद के अनुसार पिछले 14 वर्षों से अब तक इस पहल के तहत 636 सफल जोड़ियों का विवाह कराया जा चुका है और इस वर्ष भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।इस आयोजन में शामिल होने के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक जोड़े आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते हैं।

समिति ने स्पष्ट किया है कि इस आयोजन में किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। वर पक्ष से 12 और वधु पक्ष से 12 लोग समारोह में शामिल होकर विवाह की सभी रस्में पूरी कर सकते हैं।

इसके लिए वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा वधु की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

इसके लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन हेतु कन्हैया अग्रवाल कन्नू- 9931158774, जितेन्द्र कुमार जीतू- 9835093400, पवन शर्मा- 9334105017 तथा राजीव जी- 9204719554 से संपर्क कर करवा सकते हैं।

# आंबेडकर जयंती को लेकर भाजपा का जनसंपर्क अभियान तेज, विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा के नेताओं ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए।

भाजपा के जिला महामंत्री सह जयंती समारोह के जिला संयोजक अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मनोज पासवान के साथ कई स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने कल्याण छात्रावास, अंबेडकर 10+2 बालिका विद्यालय दक्षिणी, अंबेडकर चौक घोषी बाजार, हुलासगंज प्रखंड के बौरी टोला बोहानपुर, एरकी सहित अन्य अंबेडकर चौकों का निरीक्षण किया और वहां साफ-सफाई एवं कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

नेताओं ने बताया कि 13 अप्रैल को जिले के विभिन्न अंबेडकर प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर संध्या समय दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को सभी बूथों पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को याद किया जाएगा।

जिला महामंत्री अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि पार्टी की ओर से आंबेडकर जयंती को इस वर्ष विशेष रूप से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को संविधान देकर सामाजिक न्याय और समानता का मार्ग प्रशस्त किया, इसलिए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।उन्होंने यह भी बताया कि 14 अप्रैल को पटना में आयोजित राजकीय समारोह में जहानाबाद से हजारों की संख्या में लोग भाग लेने के लिए जाएंगे। इसके अलावा भाजपा जिला कार्यालय के सभागार में दोपहर दो बजे से एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# जहानाबाद में रोजगार मेले का आयोजन, बड़ी कंपनियों ने लगाया स्टॉल



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए काको प्रखंड के मनियांबां स्थित बृजनंदन इंदु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार तथा उनके पुत्र और घोसी के वर्तमान विधायक ऋतुराज कुमार के सहयोग से किया गया।रोजगार मेले में देश की कई नामी कंपनियों ने भाग लिया और युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए। मेले में सुबह से ही युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हजारों की संख्या में युवक अपने बायोडाटा, मार्कशीट और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचे थे। आयोजकों के अनुसार इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए युवाओं की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा और बीटेक निर्धारित की गई थी। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं से सीधे बातचीत कर उनकी योग्यता के अनुसार चयन प्रक्रिया शुरू की।

मेले में एमआरएफ, ऑटोटेक, अशोक लीलैंड, सुब्रोस, सोडेक्सो और हिंडाल्को सहित कई बड़ी कंपनियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। कंपनियों के अधिकारियों ने युवाओं को विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसरों की जानकारी दी और योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन भी स्वीकार किए।इस अवसर पर विधायक ऋतुराज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लोगों ने बेरोजगारी को सबसे बड़ी समस्या बताया था। उसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल आगे भी जारी रहेगी ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सके।वहीं पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ना समय की जरूरत है। रोजगार मेले के आयोजन से युवाओं को सीधे कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिला है। इस पहल को लेकर स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है।

# नेहुसा में दो दिवसीय बाबा चौहरमल मेला का शुभारंभ, गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने किया उद्घाटन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।प्रखंड के नेहुसा गांव में श्री श्री 108 श्री बाबा चौहरमल स्मारक समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय बाबा चौहरमल मेला महोत्सव का शुभारंभ रविवार की शाम बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मंत्री संजय पासवान ने बाबा चौहरमल मंदिर में पहुंचकर बाबा के चरणों में शीश झुकाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पूरे परिसर में बाबा चौहरमल के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

इसके बाद मंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने की, जबकि मंच संचालन लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री संजय पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल पासवान समाज के महान पुरुष थे और उन्हें समाज का कुल देवता माना जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा चौहरमल एक लोकनायक और बहुजन समाज के वीर योद्धा थे, जिन्होंने सामंती अत्याचार और दमन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि बाबा चौहरमल का जन्म बिहार के मोकामा अंचल क्षेत्र के शंकरवाड़ टोला में हुआ था और उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और सम्मान को सर्वोपरि रखा।

मंत्री ने कहा कि बाबा चौहरमल ने चारडीह में सामंतों द्वारा की गई आर्थिक नाकेबंदी का संगठन बनाकर कड़ा मुकाबला किया और अपने समाज के लोगों को सुरक्षित रखने का कार्य किया। वे सामाजिक समरसता और साम्प्रदायिक सौहार्द के भी प्रतीक थे। उन्होंने बताया कि बाबा चौहरमल का देहांत 120 वर्ष की आयु में 1 नवंबर 1433 को हुआ था और आज भी उन्हें समाज के कुल देवता के रूप में पूजा जाता है।

अपने संबोधन में मंत्री संजय पासवान ने शिक्षा और संगठन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षित बनना और संगठित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है, ऐसे में बच्चों को अच्छी शिक्षा देना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आधी रोटी खाकरभी अपने बच्चों को पढ़ाएं ताकि वे समाज और देश का नाम रोशन कर सकें।

मंत्री ने अपने राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने 28 वर्षों तक एक ही छत के नीचे मेहनत और संघर्ष किया, जिसके बाद उन्हें मंत्री बनने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2012 से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और पार्टी के पांच सांसद तथा 19 विधायक हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोजपा (रामविलास) के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट ने भी बाबा चौहरमल के विचारों और उनके संघर्षों को याद किया। वहीं मेला समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने बताया कि यह मेला दो दिनों तक चलेगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत दूगोला गायन और नाट्य मंचन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे ग्रामीणों को मेले का भरपूर आनंद मिल सके।

इस अवसर पर मोकामा से रीगन पासवान, मिथिलेश पासवान, बटोरन पासवान, मनिकांत पासवान और अरुण पासवान उपस्थित रहे। वहीं मेला समिति के सचिव विजेंद्र कुमार वर्णवाला, कोषाध्यक्ष विरु दास, व्यवस्थापक तुलसीदास दास, लक्ष्मण पासवान, शिक्षक बृंद पासवान, शिक्षक राजाराम पासवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मेले के दूसरे दिन नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार तथा हरनौत विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिनारायण सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# नेहुसा में तार काटने की घटना के बाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कई गिरोह पुलिस के रडार पर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में लगातार हो रही बिजली के तार काटकर चोरी की घटनाओं का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के मुख्य सरगना तथा चोरी के सामान खरीदने वाले रिसीवर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान, नकदी और वाहन बरामद किए गए हैं।

रविवार को हरनौत थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने मामले का खुलासा किया। इस दौरान नूरसराय अंचल निरीक्षक मनीष कुमार भारद्वाज भी मौजूद थे। एसडीपीओ ने बताया कि वर्ष 2026 के दौरान हरनौत थाना क्षेत्र तथा आसपास के सीमावर्ती थानों में बिजली के तार काटकर चोरी करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं।

इसी क्रम में बीते 10 अप्रैल की रात हरनौत थाना क्षेत्र के नेहुसा गांव में फिर से बिजली का तार काटकर चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष हरनौत के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया और अनुसंधान शुरू किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बाद इस कांड का सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया गया।

एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने चोरी के तार खरीदने वाले मुख्य रिसीवर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 12 अप्रैल को हरनौत थाना कांड संख्या 184/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मिसी गांव निवासी राम तनुज प्रसाद के पुत्र गणेश कुमार, खुशरूपुर थाना क्षेत्र के मियां टोली निवासी स्वर्गीय विजय साव के पुत्र मंटु कुमार तथा फतुहा थाना क्षेत्र के मौजीचक गांव निवासी स्वर्गीय लाला साव के पुत्र अरविंद प्रसाद शामिल हैं।

पुलिस ने इनके पास से दो मोटरसाइकिल, एक पिकअप वाहन जिसमें बिजली का तार लदा हुआ था, तीन मोबाइल फोन, चार बैंकों के चेकबुक तथा 6 लाख 92 हजार 400 रुपयेनकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार यह गिरोह बिजली के तार काटकर चोरी करता था और उसे रिसीवरों के माध्यम से आगे बेच देता था।

एसडीपीओ ने बताया कि तार चोरी के इस नेटवर्क में कई गिरोह सक्रिय हैं। इनमें बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मोगलपुरा गांव निवासी संतोष कुमार का गिरोह भी शामिल है। इसके अलावा रजन कुमार गिरोह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है, जबकि गोखुलपुर थाना क्षेत्र का रॉकी यादव गिरोह फिलहाल फरार है। गौरव और गणेश गिरोह के सदस्य भी गिरफ्तार होकर न्यायिक हिरासत में भेजे जा रहे हैं।

खुशरूपुर थाना क्षेत्र के सुकरबेगचक निवासी बिट्टू यादव का गिरोह भी इस मामले में सक्रिय बताया गया है। वहीं जगमोहन पासवान गिरोह के सदस्य भी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी गिरोह अलग-अलग समूह बनाकर बिजली के तार काटकर चोरी करते थे और उसे विभिन्न रिसीवरों के माध्यम से बेचते थे।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि चोरी किए गए तार को पटना के अगमकुआं इलाके में दो अन्य रिसीवरों को बेचा जाता था। इनमें आनंद कुमार और मंगल कुमार का नाम सामने आया है, जो चोरी के तार खरीदने का काम करते थे।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

इस छापेमारी दल में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, भागन बिगहा थानाध्यक्ष राज कुमार चौधरी, चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार, एएसआई बृजेन्द्र तथा सिपाही कुंदन, अभिमन्यु और शुभम शामिल थे।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बिजली तार चोरी गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# नालंदा में एलपीजी सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता, बुकिंग के आधार पर हो रही निर्बाध आपूर्ति : डीएम

## वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की विशेष व्यवस्था

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रविवार को जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले में कार्यरत कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद रिफिलिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करते हुए जिले में गैस आपूर्ति का बैकलॉग दो से तीन दिनों के बीच लाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि खरमास समाप्त होने के बाद विवाह सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में वृद्धि को देखते हुए वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत वैवाहिक समारोहों में भोजन तैयार करने वाले रसोइये अथवा कैटरर अपने वाणिज्यिक गैस सिलिंडर के लिए निबंधन कराएंगे। संबंधित तेल कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे आवेदनों का निबंधन पांच से सात दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त, जिस व्यक्ति के घर में विवाह या अन्य बड़ा कार्यक्रम निर्धारित है, वह व्यक्ति अपने विवाह के कार्ड की प्रति के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की मांग कर सकता है। आवेदन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि कार्यक्रम में कितने लोगों के शामिल होने की संभावना है तथा कितने वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों की आवश्यकता होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों का उपयोग केवल वैवाहिक अथवा संबंधित कार्यक्रमों में ही किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिले के तीन क्षेत्रों—बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर तथा सिलाव—में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बिहारशरीफ के वार्ड संख्या 21, 22, 23, 24, 25 और 44, सिलाव के वार्ड संख्या 2, 4, 5, 6, 10 और 11 तथा राजगीर के कुल 17 वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों में लोगों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर पीएनजी कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। जल्द ही इन इलाकों में विशेष शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने इन क्षेत्रों के नागरिकों से पीएनजी कनेक्शन लेने का अनुरोध किया, ताकि लोगों को बड़े शहरों जैसी सुविधा मिल सके और एलपीजी सिलिंडरों पर निर्भरता कम हो।

एलपीजी सिलिंडर से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112-233168 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी स्थान पर एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा हो, तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रशासन को दें। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# समाजसेवी रुपेश पाण्डेय की माता का निधन, शोक की लहर

पटना (अपना नालंदा)।समाजसेवी और राजनीतिज्ञ रुपेश पाण्डेय की माता श्री सरोज पांडेय का आकस्मिक निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थीं और उनका इलाज चल रहा था। समाजसेवी सरोज पांडेय अपने गाँव में सभी लोगों के मदद के लिए हमेसा खड़ी रहती थी।

रुपेश पाण्डेय, जो ईस्टर्न हाईलाइ्स ग्रुप के संस्थापक हैं और समाज सेवा में सक्रिय रूप से शामिल हैं, ने अपनी माता की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, "मेरी माता जी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। वह हमेशा मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत थीं।"

रुपेश पाण्डेय के माता के निधन पर उनके समर्थकों और परिचितों ने शोक व्यक्त किया है। उनकी माता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जा रही है।मूल रूप से चंपारण (बिहार) के रहने वाले एवम मुम्बई में नए उभरते बिजनेसमैन एवम समाजसेवी रुपेश पाण्डेय की माताजी का निधन हो गया है। घटना के बाद उनके गृह जिले पश्चिमी चंपारण में शोक की लहर छा गई है। उनके पैतृक आवास पर शुभचिंतको का तांता लग गया है।रुपेश पाण्डेय ने कहा, "माँ के समाचार ने मुझे गहरे दुख में डाल दिया है। वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा थीं। उनका प्यार और संघर्ष हमेशा मेरे साथ रहेगा।"अंतिम संस्कार की सभी प्रक्रिया परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा। रुपेश पाण्डेय और उनका परिवार इस कठिन समय में सभी मित्रों और शुभचिंतकों से समर्थन और प्रार्थना की अपील करते हैं।

# फिल्म 'जना नायकन' की पायरेसी पर इंप्पा चिंतित, अध्यक्ष अभय सिन्हा ने की पीएम से हस्तक्षेप की मांग



पटना (अपना नालंदा)।इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इंप्पा) ने फिल्म "जना नायकन" की आधिकारिक रिलीज़ से पहले ही उसके पायरेटेड संस्करण के प्रसार पर गहरी चिंता जताई है। संस्था के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। 1937 में स्थापित इंप्पा भारतीय फिल्म और मनोरंजन उद्योग के निर्माताओं का सबसे पुराना और प्रमुख संगठन है, जो लंबे समय से उद्योग के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रहा है।

इंप्पा ने अपने पत्र में कहा है कि फिल्म उद्योग तकनीकी रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) जैसी नई तकनीकों को अपना रहा है, लेकिन इसके बावजूद पायरेसी की पुरानी समस्या अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। संगठन ने बताया कि टेलीग्राम, टोरंट वेबसाइट्स और तमिलरोकर्स जैसे अवैध प्लेटफॉर्म के माध्यम से फिल्मों की चोरी लगातार बढ़ रही है, जिससे निर्माताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

पत्र के अनुसार, फिल्म "जना नायकन" 9 जनवरी 2026 को रिलीज़ के लिए तैयार थी और इसे प्रमाणन के लिए प्रस्तुत भी किया गया था, लेकिन विभिन्न कारणों से प्रमाणन प्रक्रिया में लगातार देरी हुई। इस देरी के कारण फिल्म की आधिकारिक रिलीज़ प्रभावित हुई और इसी बीच इसकी अवैध पायरेसी हो गई, जिससे निर्माता और इससे जुड़े सभी हितधारकों को गंभीर आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा। इंप्पा का कहना है कि प्रमाणन में अनावश्यक विलंब फिल्मों को पायरेसी के खतरे के प्रति और अधिक संवेदनशील बना देता है।

इंप्पा ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि फिल्म पायरेसी रोकने के लिए सख्त और प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए, ताकि आधिकारिक रिलीज़ से पहले ही फिल्मों की चोरी पर रोक लगाई जा सके। संगठन ने कहा कि पायरेसी पर नियंत्रण नहीं होने से निवेश प्रभावित होता है और इससे पूरे मनोरंजन उद्योग के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो जाता है। फिल्म उद्योग "मेक इन इंडिया" अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसके हितों की रक्षा करना आवश्यक है।

अभय सिन्हा ने अपने पत्र में विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म और मनोरंजन उद्योग बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देता है और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान करता है, ऐसे में पायरेसी पर प्रभावी रोक लगाना बेहद जरूरी है, ताकि निर्माताओं और इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना बनी रह सके।

# हरनौत डाकबंगला सह विवाह भवन की हुई बंदोबस्ती, जिला परिषद को मिलेगा 4.11 लाख राजस्व

## एक वर्ष के लिए सुजीत कुमार को मिला सैरात, रखरखाव बेहतर होने की उम्मीद

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। जिला परिषद द्वारा आय के स्रोत बढ़ाने की दिशा में पहल करते हुए स्थानीय बाजार स्थित डाकबंगला सह विवाह भवन की बंदोबस्ती कर दी गई है। इस कदम से जहां जिला परिषद को राजस्व प्राप्त होगा, वहीं भवन के रखरखाव और संचालन में भी सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तरुण कुमार ने बताया कि डाकबंगला सह विवाह भवन की बंदोबस्ती एक वर्ष के लिए की गई है। इसकी अवधि 31 मार्च 2027 तक निर्धारित की गई है। यह बंदोबस्ती 4 लाख 11 हजार रुपये में हुई है।

उन्होंने बताया कि निविदा प्रक्रिया के माध्यम से सुजीत कुमार नामक संवेदक को सैरात की बंदोबस्ती दी गई है। संवेदक से जमानत राशि के रूप में 1 लाख 25 हजार रुपये जमा कराए गए हैं।

जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) ममता देवी ने कहा कि बंदोबस्ती होने से डाकबंगला सह विवाह भवन का रखरखाव बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। इससे स्थानीय लोगों को भी सुविधा मिलेगी और भवन का उपयोग व्यवस्थित ढंग से हो पाएगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि बंदोबस्ती के बाद भवन की साफ-सफाई, मरम्मत और व्यवस्थाओं में सुधार होगा, जिससे शादी-विवाह तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# कक्षा 3 से 5 के शिक्षक सीखे भाषा व गणित पढ़ाने के गुर



थरथरी (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रू, पटना में कक्षा 3 से 5 तक के शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शनिवार की देर शाम संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में नालंदा जिले के थरथरी और बिहारशरीफ प्रखंडों के 200 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा और गणित की दक्षताओं को सुदृढ़ बनाना तथा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य स्तरीय एफएलएन पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत प्री-टेस्ट के साथ की गई, ताकि शिक्षकों के प्रारंभिक ज्ञान का आकलन किया जा सके। शिक्षक शशिभूषण प्रसाद सिंह और विजय प्रकाश चन्द्र ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को पाठ्यचर्या के लक्ष्यों, दक्षताओं और अधिगम प्रतिफलों की अवधारणा से परिचित कराया गया। साथ हीचेतना सत्र के प्रभावी संचालन और भाषा शिक्षण के चार-खंडीय दृष्टिकोण पर समूह गतिविधियों के माध्यम से अभ्यास कराया गया। इस दौरान शिक्षकों को दीक्षा प्लेटफॉर्म, ई-कंटेंट, एफएलएन किट तथा एमएस वर्ड के उपयोग की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की




शुरुआत प्रतिदिन योग, माइंडफुलनेस और ध्यान सत्र से की गई, जिससे शिक्षकों केमानसिक और शारीरिक संतुलन को सुदृढ़ किया जा सके। अंतिम दिन पोस्ट-टेस्ट और वैलिडिक्टरी सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया।

प्रशिक्षण में शिक्षिका निशा कुमारी, साधना सिन्हा, पुष्पलता, प्रीति कुमारी तथा शिक्षक रौशन कुमार राय, शशिकांत कुमार, महेश कुमार, सुमन कुमार, विनय कुमार, मनोज कुमार, रविकांत कुमार, गिरिजेश कुमार, दिनेश प्रसाद, ब्रजेश कुमार, विमलेश ठाकुर, धर्मेन्द्र चौधरी, कृष्ण कुमार, संजय कुमार, विनोद चौधरी, अनुपम कुमार, दयानंद कुमार, कुन्दन कुमार, निगार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# आईएमए हिलसा की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा

हिलसा (अपना नालंदा)।रविवार को हिलसा शहर के पटेल नगर स्थित एक सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की हिलसा शाखा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निजी एवं सरकारी चिकित्सकों ने भाग लेकर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार-विमर्श किया।

बैठक की अध्यक्षता आईएमए हिलसा शाखा के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. रजनीश कुमार रंजन ने किया। अपने संबोधन में डॉ. रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं में जो असमानता है, उसे दूर करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आईएमए केवल चिकित्सकों का संगठन नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना भी इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने एकमत होकर हिलसा अनुमंडल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत तथा सुलभ बनाने का संकल्प लिया। डॉक्टरों ने कहा कि



मरीजों को समय पर परामर्श, बेहतर इलाज और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अस्पतालों में संसाधनों की उपलब्धता और चिकित्सकों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने, गरीब मरीजों के लिए सस्ती और सुलभ इलाज की व्यवस्था करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. अविनाश चंद्रा, डॉ. विनोद चौधरी और डॉ. सुनील चौधरी सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी ने संगठन को मजबूत करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने का संकल्प लिया।

# साहित्यिक माहौल में 'क से कहानी' पुस्तक का हुआ भव्य लोकार्पण




हिलसा (अपना नालंदा)।हिलसा के आस्था सदन में रविवार को आयोजित एक साहित्यिक समारोह में साहित्यकार डॉ. उषा सिन्हा की कथा पुस्तक 'क से कहानी' का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम साहित्यिक संस्था लेख्य मंजूषा, पटना के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जो साहित्य और समाज के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करती है।

पुस्तक का लोकार्पण समारोह में राश दादा रास, डॉ. सुनील कुमार उपाध्याय, इंदु भूषण सहाय, शम्भू पी. सिंह, गार्गी रॉय, डॉ. सुधा सिन्हा, ऋचा वर्मा और प्रवीण कुमार श्रीवास्तव सहित कई साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. उषा सिन्हा ने कहा कि उन्हें प्रारंभ से ही हिंदी कथा साहित्य में गहरी रुचि रही है। उन्होंने बताया कि 1969 में दशमी कक्षा में पढ़ाई के दौरान साहित्यिक पत्रिका 'कादम्बिनी' पढ़ने से उनके भीतर लेखन के प्रति लगाव बढ़ा। वर्षों से डायरी और बिखरे पन्नों में लिखी कहानियों को संकलित कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित होना उनके लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने इस पुस्तक के प्रकाशन में सहयोग के लिए स्पर्श प्रकाशन के संपादक उत्कर्ष आनंद की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान मधुरेश नारायण की लिखी कहानी 'छतरी' पर परिचर्चा और समीक्षा सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें कथाकार आशा रघुदेव, डॉ. पूनम देवा और ऋचा वर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद मध्यान्ह भोजन के उपरांत कविता पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें हरेंद्र सिन्हा, नूतन सिंहा, ओंकार शर्मा कश्यप सहित कई साहित्यकारों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं।इस अवसर पर पटना कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. लालकेश्वर प्रसाद, प्रो. अलका सिंहा, समाजसेवी प्रो. कमल किशोर प्रसाद, हिलसा के पूर्व प्रमुख अनिल कुमार सिंह, डॉ. राजीव नयन, वरीय पत्रकार उपेंद्र कुमार, भवानी मुखिया सहित सैकड़ों साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने साहित्यिक वातावरण को जीवंत बना दिया।

# हिलसा में प्रतिभा सम्मान समारोह, मैट्रिक-इंटर के मेधावी छात्रों को मिला सम्मान




हिलसा (अपना नालंदा)।नगर परिषद क्षेत्र स्थित एसयू कॉलेज के पूर्वी गेट के पास कॉन्सेप्ट मैथ क्लास में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उपजिला शाखा हिलसा के प्रवक्ता तथा हिलसा निजी विद्यालय संघ के प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा के अंकों से स्वयं को कभी कमतर नहीं आंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर निरंतर मेहनत करें और लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने का प्रयास करें। इस मौके पर युवा पत्रकार धनपत कुमार ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के बाद भी विनम्रता बनाए रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही गुण व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद करता है। वहीं प्रोफेसर पी.के. चौरसिया ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

कॉन्सेप्ट मैथ क्लास के संचालक सोनू सर ने बताया कि हिलसा और करायपरसुराय शाखा के उन छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। विशेष रूप से गणित विषय में 100 में 90 या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता गुड्डू कुमार ने की।

इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे और उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

## नालन्दा की जनता की आवाज

अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251